भारत सरकार
सहकारिता मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 287
मंगलवार, 02 दिसंबर, 2025/11 अग्रहायण,1947 (शक) को उत्तरार्थ

कमर्शियल वाहन ऐप

287. श्री राजपालसिंह महेंद्रसिंह जादवः

क्या **सहकारिता** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का देश के कमर्शियल वाहन चालक जैसे ओला और उबर जैसी प्राइवेट कंपनियों पर निर्भरता से आज़ाद करने के लिए एक नया डिजिटल ऐप लॉन्च करने का विचार है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उक्त ऐप का नाम, उद्देश्य तथा प्रमुख विशेषताएं क्या हैं; और
(ग) उक्त ऐप से देश के नागरिकों, विशेषकर परिवहन क्षेत्र के कर्मचारियों को होने वाले आर्थिक लाभों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सहकारिता मंत्री
(श्री अमित शाह)

(क) से (ख): जी हाँ, सरकार का सहकारिता आधारित डिजिटल ऐप मोबिलिटी प्लेटफॉर्म लॉन्च करने का प्रस्ताव है जो देश के वाणिज्यिक वाहन चालकों को निजी कंपनियों पर निर्भरता से मुक्ति में सहायता करेगा । इस ऐप का प्रचालन सहकार टैक्सी कोऑपरेटिव लिमिटेड द्वारा किया जाएगा जो बहुराज्य सहकारी सोसाइटी अधिनियम, 2002 के अधीन - MSCS/CRCS/1629/2025 दिनांक 06 जून 2025 को पंजीकृत एक बहुराज्य सहकारी समिति है । इस डिजिटल ऐप का नाम 'भारत टैक्सी' है।

भारत टैक्सी ऐप की प्रमुख विशेषताओं में नागरिकों के लिए सुगम पहुंच, सुरक्षित और सत्यापित ऑनबोर्डिंग, समावेशी मोबिलिटी, तकनीकी सक्षम सहायता और सुरक्षा उपायों के साथ उपयोगकर्ता अनुकूल मोबाइल राइड बुकिंग, पारदर्शी किराया, वाहन ट्रैकिंग, बहुभाषी इंटरफेस का समर्थन और 24/7 ग्राहक सेवा शामिल हैं ।

(ग) इसके अपेक्षित आर्थिक लाभ निम्नानुसार हैं:

1. शून्य कमीशन वाले मॉडल से चालकों को प्रत्येक राइड से पूरी कमाई प्राप्त होगी ।
2. सहकारी समिति का लाभ सीधे चालकों में वितरित किया जाएगा ।
3. पारदर्शी मूल्य निर्धारण मॉडल चालकों और यात्रियों, दोनों के लिए लाभकारी होगा ।

*****